email: cfbhagi-forest-uk@nic.in
फोन / फैक्स–0135–2431159,

कार्यालय वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती

पत्रांक – 1473/12-1, मुनिकीरेती, दिनांक 16 / 03 /2019।

सेवा मे,

प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग,
उत्तरकाशी ।

विषयः– **जनपद उत्तरकाशी में मुस्टिकसौड़–कुरोली मोटर मार्ग के ककराड़ी बैण्ड से किशनपुर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.163 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में। (FP/UK/ROAD/23851/2017).**

सन्दर्भः– **आपका पत्रांक–2387 / 12–1, दि0–06.03.2019।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून का पत्रांक– 08बी. / यू.सी.पी. / 06 / 100 / 2018 / एफ.सी. / 1373, दिनांक–08.10.2018 से इंगित कमियों का निराकरण आख्या इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है । कृपया भारत सरकार के उक्त पत्र में उल्लेखित बिन्दु संख्या–02 का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके अनुपालन में आपके द्वारा दी गयी आख्या संतोषजनक नही पायी गयी है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पूर्व में आपके पत्र संख्या–2026 / 12–1, दिनांक– 04.01.2018 से प्रस्ताव की हार्ड कॉपी इस कार्यालय को प्रस्तुत की गयी थी, जो कि अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को प्रेषित की गयी । उक्त वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की हार्ड प्रति का अवलोकन करने पर पाया गया कि सम्बन्धित प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा अधूरा प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है जिसमें निर्धारित प्रपत्रों में परियोजना से सम्बन्धित समस्त वांछित सूचनायें संलग्न नहीं की गयी है ।

अतः विषयगत मोटर–मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में चेक लिस्ट के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में समस्त सूचनायें चस्पा कर प्रस्तुत करने का कष्ट करें ताकि प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही की जानी संभव हो सके ।

भवदीय

वन संरक्षक
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड
मुनिकीरेती

संख्याः– 1473/ दिनांकित।

प्रतिलिपि :– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी को इस आशय से प्रेषित कि परियोजना से सम्बधित समस्त सूचनाओं को निर्धारित प्रपत्रों मे संलग्न कर पूर्ण प्रस्ताव, द्वारा उचित माध्यम प्रस्तुत करने का कष्ट करें ।

वन संरक्षक
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड
मुनिकीरेती

pradeep